मुंबई में लाखों का नकली मैगी मसाला और एवरेस्ट मसाला जब्त, सूरत की फैक्ट्री से जुड़े तार

अगर आप मैगी मसाला या एवरेस्ट मसाला खाने के शौकीन हैं या इन मसालों का इस्तेमाल आप अपने घर में करते है, तो ये खबर आप के लिए है. इन मसालों का उपयोग करने से पहले एक बार ये जरूर पता कर लें कि जिन मसालों का आप उपयोग कर रहे हैं, तो वहीं नकली तो नहीं हैं. जी हां, इस तरह का एक बड़ा खुलासा मुंबई से सटे भिवंडी की शांति नगर पुलिस ने किया है.

फैक्ट्री में छापेमारी कर पुलसि ने लाखों रुपए के डुप्लीकेट मैगी मसाला और एवरेस्ट मसाला को जब्त किया गया है. साथ ही मामले में लिप्त दो आरोपी भी गिरफ्तार किया गया है. सबसे पहले इस डुप्लीकेट मसालों के आने की एक खबर भिवंडी पुलिस को 17 मई की को मिली थी. सूचना पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने डुप्लीकेट मसालों के साथ दो लोगों को गिरफ्तार किया.

सूरत की फैक्ट्री में बन रहे थे नकली मसाले शांतिनगर पुलिस थाने के वरिष्ठ पुलिस अधिकारी विनायक गायकवाड़ ने बताया कि मसालों के इस गोरखधंधे को लेकर एवरेस्ट कंपनी की ओर से केस दर्ज कराया गया था. बताया गया था कि इनके हुबहु नाम और पैकिंग कर एवरेस्ट के नाम से मार्केट में डुप्लीकेट मसाले लाकर बेचा रहा है. इस पर कार्यवाही करते हुए दो लोग डुप्लीकेट मसालों के साथ धरे गए.

Source: https://www.aajtak.in/india/maharashtra/story/duplicate-maggi-masala-and-everest-masala-worth-lakhs-of-rupees-seized-in-thane-lcls-1950901-2024-05-24